आकाषवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 16.02.2026
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- भारत–एआई इम्पैक्ट शिखर सम्मेलन आज से नई दिल्ली में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे उद्घाटनं
- अल्मोड़ा में आयोजित राश्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय प्रमुखों का तीन दिवसीय सम्मेलन संपन्नं
- बुजुर्ग महिलाओं का सहारा बनेगी प्रदेष सरकार, महिला सशक्तीकरण एवं बाल विकास विभाग राज्य में कर रहा बुजुर्ग महिलाओं का सर्वे
- और, औली में आयोजित नेषनल स्कीइंग चैंपियनषिप तथा विंटर गेम्स कार्निवाल आज संपन्न होंगें

एआई इम्पैक्ट शिखर सम्मेलन

भारत–एआई इम्पैक्ट शिखर सम्मेलन आज से नई दिल्ली के भारत मंडपम में शुरू होगां इस सम्मेलन का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगें पांच दिन का यह सम्मेलन किसी विकासशील देश में आयोजित होने वाला पहला वैश्विक एआई शिखर सम्मेलन हैं कार्यक्रम में बीस देशों के विश्व नेता शामिल होंगें विदेश मंत्रालय ने कहा है 45 से अधिक देशों के मंत्रिस्तरीय प्रतिनिधिमंडल शिखर सम्मेलन में शामिल होंगें संयुक्त राष्ट्र महासचिव और कई अंतरराष्ट्रीय संगठनों के वरिष्ठ अधिकारी भी विचार–विमर्श में भाग लेंगें

समापन

अल्मोड़ा के मानस खंड विज्ञान केंद्र में आयोजित राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय प्रमुखों का तीन दिवसीय सम्मेलन कल संपन्न हो गयां उत्तराखंड में पहली बार आयोजित इस सम्मेलन में देशभर के 50 राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालयों और विज्ञान केंद्रों के निदेशक, प्रमुख, वैज्ञानिक और नीति–निर्धारकों ने भाग लियां इसका आयोजन राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद, कोलकाता तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, उत्तराखंड द्वारा संयुक्त रूप से किया गयां एक रिपोर्ट–

सम्मेलन के दौरान विज्ञान और प्रौद्योगिकी से जुड़े समसामयिक विषयों, तकनीकी नवाचारों और भविष्य की संभावनाओं पर व्यापक चर्चा हुईं विशेषज्ञों ने वर्चुअल रियलिटी, डाटा कोडिंग, कृत्रिम बुद्धिमत्ता–एआई, रोबोटिक शिक्षा और उभरती डिजिटल तकनीकों को नई पीढ़ी तक पहुंचाने पर विचार–विमर्श कियां साथ ही युवाओं को स्टार्टअप और स्वरोजगार से जोड़ने की दिशा में भी महत्वपूर्ण सुझाव सामने आएं मानस खंड विज्ञान केंद्र के प्रभारी निदेशक डॉ नवीन चंद्र जोशी ने बताया कि सम्मेलन में लिए गए निर्णयों से युवाओं को भविष्य में लाभ मिलेगां

वक्ताओं ने कहा कि ज्ञान और विज्ञान आधारित समाज के निर्माण में ऐसे आयोजनों की महत्वपूर्ण भूमिका होती हैं सम्मेलन में लिए गए निर्णयों से विज्ञान संचार को मजबूती मिलेगी और युवाओं के लिए नए अवसर सृजित होंगें
आकाषवाणी देहरादून के लिये समाचार कक्ष से रविन्द्र सिंह
गौरतलब है कि अगला राष्ट्रीय सम्मेलन छत्तीसगढ़ में आयोजित किया जाएगां

गोल्फ कार्ट

पहाड़ों की रानी मसूरी में बढ़ते यातायात दबाव को कम करने और स्थानीय नागरिकों एवं पर्यटकों को सुगम आवागमन सुविधा उपलब्ध कराने को देहरादून जिला प्रशासन ने एक अभिनव पहल की हैं इस पहल के तहत मसूरी को 40 नई गोल्फ कार्ट जल्द मिलने जा रही हैं इसके लिए जिला प्रशासन ने सीएसआर फंड से 3 करोड़ 36 लाख रुपए की धनराशि का प्रबन्ध कर लिया हैं ये गोल्फ कार्ट मसूरी मॉल रोड और कैमल बैक रोड पर चलने वाले स्थानीय रिक्शों का स्थान लेंगें इसके लिए रिक्शा चालकों को प्रशिक्षित किया गया हैं जिला प्रशासन के इस प्रयास से मसूरी में लोगों को जाम से निजात तो मिलेगी ही, साथ ही मसूरी वासियों और पर्यटकों को सुविधा और स्थानीय रिक्शा चालकों को रोजगार भी मिलेगां मसूरी में चरणबद्ध तरीके से गोल्फकार्ट संचालन को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे जाम की समस्या से निजात के साथ ही पर्यावरण अनुकूल परिवहन को बढ़ावा मिलें गौरतलब है कि मसूरी को 14 गोल्फ कार्ट पहले ही मिल चुके हैं

बुजुर्ग महिलाओं का सर्वे

राज्य सरकार, प्रदेष में बुजुर्ग महिलाओं का सहारा बनेगीं महिला सशक्तीकरण एवं बाल विकास विभाग की ओर से इसके लिए राज्यभर में बुजुर्ग महिलाओं से संवाद कर सर्वे किया जा रहा हैं सरकार की ओर से देखा जा रहा है कि गरीब, मध्यम और सक्षम वर्ग की

बुजुर्ग महिलाओं के सामने जीवन की क्या चुनौती हैं? इसे देखते हुए उनकी मदद की जाएगीं इसके बाद योजना का मसौदा तैयार कर नए वित्तीय वर्ष से इसे लागू किया जाएगां महिला सशक्तीकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या के मुताबिक योजना गरीब, मध्यम और सक्षम तीनों वर्गों की महिलाओं के लिए होगीं प्रदेश में जरूरतमंद महिलाओं को समाज कल्याण विभाग की ओर से अब तक केवल वृद्धावस्था पेंशन दी जा रही हैं उनके लिए पोषण या किसी अन्य तरह की मदद की जाए, इस पर सरकार मंथन कर रही हैं

<u>नेषनल स्कीइंग चैंपियनषिप</u>

औली में आयोजित चार दिवसीय नेशनल स्कीइंग चैंपियनशिप और विंटर गेम्स कार्निवाल 2026 आज संपन्न होगां कल विभिन्न स्पर्धाओं में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पदक अपने नाम किएं देश के अलग–अलग राज्यों, सेना और आईटीबीपी के खिलाड़ियों ने चुनौतीपूर्ण ट्रैक पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कियां

तीसरे दिन स्लालॉम पुरुष वर्ग में आर्मी के मयंक पंवार ने पहला स्थान हासिल कियां आर्मी ग्रीन के देबेन्द्र गुरुंग दूसरे और आर्मी रेड के आशिफ अज़ीज जरगर तीसरे स्थान पर रहें स्लालॉम महिला वर्ग में हिमाचल प्रदेश की आँचल ठाकुर पहले, तनुजा ठाकुर दूसरे और प्रोमिला ठाकुर तीसरे स्थान पर रहीं

स्नोबोर्ड पुरुष वर्ग में जम्मू–कश्मीर के बाकिर अहमद लोन ने पहला स्थान प्राप्त किया, जबकि जुबेर अहमद लोन दूसरे और आर्मी के विवेक राणा तीसरे स्थान पर रहें स्नोबोर्ड महिला वर्ग में हिमाचल प्रदेश की प्रकृति ठाकुर पहले, प्रीति ठाकुर दूसरे और दीपिका ठाकुर तीसरे स्थान पर रहीं

स्की माउंटेनियरिंग (वर्टिकल) पुरुष वर्ग में उत्तराखंड के शार्दुल थपलियाल ने पहला स्थान प्राप्त कियां आर्मी के राजेश्वर सिंह दूसरे और उत्तराखंड के हिमांशु कवाण तीसरे स्थान पर रहें महिला वर्ग में हिमाचल प्रदेश की नताशा महर पहले, महाराष्ट्र की काम्या कार्तिकेयन दूसरे और हिमाचल प्रदेश की साक्षी ठाकुर तीसरे स्थान पर रहीं

लोकल ट्यूब रेस में हिमांशु ने पहला, मुन्ना कुंवर ने दूसरा और संजय बिष्ट ने तीसरा स्थान हासिल कियां स्नो स्विंग की प्रथम रेस में आशीष भण्डारी पहले, वसीम अहमद लोन दूसरे और रजत शर्मा तीसरे स्थान पर रहें वहीं द्वितीय रेस में आईटीबीपी के राजेश पहले, सचिन कवाण दूसरे और हिमांशु कवाण तीसरे स्थान पर रहें

आकाषवाणी देहरादून के लिये समाचार कक्ष से आषुतोश उनियाल

हर्बल रंगों की धूम

रंगों के पर्व होली की तैयारियों को लेकर स्थानीय बाजारों में ग्रामीण समूहों की महिलाओं द्वारा निर्मित हर्बल रंग, आमजन की पंसद बन रहे हैं ये रंग न केवल पर्यावरण संरक्षण का संदेश दे रहे हैं, बल्कि जन–जीवन में प्रसन्नता के नवीन रंग भी घोल रहे हैं राजधानी देहरादून के विकासखंड सहसपुर एवं रायपुर में स्वयं सहायता समूहों की महिलाएँ सुरक्षित और पर्यावरण–अनुकूल होली के उद्देश्य से प्राकृतिक रंगों का निर्माण कर उन्हें स्थानीय बाजारों में बेच रही हैं सहसपुर ब्लॉक के आस्था क्लस्टर और रायपुर ब्लॉक की नई दिशा एवं दिव्य ज्योति क्लस्टर से संबद्ध लगभग 30 महिलाओं ने प्राकृतिक सामग्रियों से हर्बल रंग तैयार किए हैं सहसपुर एवं रायपुर विकासखंडों में महिलाओं ने लगभग ढाई क्विंटल प्राकृतिक रंग तैयार किए हैं, जिन्हें मांग के अनुरूप अच्छा व्यवसाय प्राप्त हो रहा हैं जिला मिषन प्रबंधक सोनम गुप्ता ने बताया कि महिलाओं द्वारा तैयार किए जा रहे हर्बल रंग की अच्छी डिमांड हैं

सहसपुर ब्लॉक की समूह सदस्य मीना ने बताया कि महिलाओं ने सुरक्षित एवं पर्यावरण–संरक्षण को ध्यान में रखकर प्राकृतिक होली के रंग तैयार किए हैं

प्रशिक्षण संपन्न

राज्य में पशु स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता बढ़ाने के उद्देश्य से देहरादून में पशु चिकित्सा अधिकारियों के लिए अल्ट्रासोनोग्राफी एवं रेडियोलॉजी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गयां इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में पशु चिकित्सा अधिकारियों को पशु रोगों के त्वरित, सटीक एवं वैज्ञानिक निदान के बारे में बताया गयां समापन सत्र में प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र प्रदान किए गएं